हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार, 5 अगस्त 2025

11 न्यूनतम वेतन रिवाइज न करके अन्याय कर रही सरकार : बेगराज



12 जियोफेंसिंग हाजिरी के विरोध में की सांकेतिक पेन डाउन हड़ताल




## खबर संक्षेप

### वन महोत्सव आज गांव सालमखेड़ा में

**फतेहाबाद।** वन विभाग की ओर से 76वां जिला स्तरीय वन महोत्सव - एक पेड़ मां के नाम 5 अगस्त को सुबह 10 बजे गांव सालमखेड़ा में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मनदीप कौर करेंगी।

### 6.43 ग्राम हेरोइन तस्करी के मामले में दो दबोचे

**फतेहाबाद।** नशा मुक्ति अभियान के तहत टोहाना शहर पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राज उर्फ राजू पुत्र निरंजन तथा सिकंदर पुत्र निरंजन निवासी किला मोहल्ला, टोहाना, के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहा है और आज भी वह नशा बेचने की नीयत से बाहर निकला है। सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम किला मोहल्ला, टोहाना पहुँची, तो सामने से एक युवक आता दिखाई दिया।

### महिलाओं को अधिकारों के बारे किया जागरूक

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्थानीय एडीआर सेंटर में कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों के साथ यौन उत्पीडऩ से संरक्षण अधिनियम पर स्टाफ सदस्यों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव प्रवेश सिंगला ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित माहौल दें। उन्होंने उपस्थित स्टाफ सदस्यों को कार्यस्थलों पर शिकायत समिति की भूमिका के बारे में बताया।

### सीईओ ने समाधान शिविर में सुनी शिकायतें

**सिरसा।** लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र ने आमजन की समस्याएं सुनी और मौजूद अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। सीईओ ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध तरीके से स्थाई समाधान किया जाए ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

### स्वास्थ्य शिविर में 225 की जांची आंखें

**सिरसा।** बाबा बिहारी नेत्रालय द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर शिव-दुर्गा मंदिर गोशाला रोड पर आयोजित किया गया। सचिव शेखर महिपाल ने बताया कि कैंप में 225 मरीजों की आंखों की जांच की गई और 15 मरीजों को आप्रेशन के लिए चयनित किया गया। कैंप में डा. नीरू गिजवानी और उनकी टीम के सदस्य राकेश कुमार, ममता, यशिका, अभया और जनक राज ने सहयोग दिया।

### फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक सवार गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को गांव शेरपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। चोपटा थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम नोहर-जमाल रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोका और मोटरसाइकिल के दस्तावेज चेक करवाने को कहा, जिस पर बाइक सवार व्यक्ति ने कहा कि वह घर से कागजात लेकर आता हूं, लेकिन दोबारा लौट कर नहीं आया।

## फतेहाबाद : एमसी पर भड़के, अधिकारियों ने करवाया समाधान

# सीवरेज समस्या से परेशान लोगों ने किया जमकर हंगामा

### नाराज लोगों ने वार्ड नंबर तीन के पार्षद को सुनाई खरी खोटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर की ठाकर बस्ती में बाल भवन के पास पिछले काफी समय से सीवरेज ठप होने से सारा गंदा पानी गली में खड़ा सडांध मार रहा है। गली में बदबूदार पानी खड़ा रहने से परेशान लोगों के सब्र का बांध सोमवार को टूट गया और उन्होंने प्रशासन और वार्ड के पार्षद पर उनकी समस्या को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। नाराज लोगों ने वार्ड नंबर तीन के पार्षद सुरेन्द्र डींगवाल को खूब खरी खोटी सुनाई। लोगों का कहना है कि वे डेढ़ महीने से सीवर समस्या की शिकायत कर रहे हैं, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों के आक्रोश के बाद जनस्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और अधिकारियों ने मौके पर टीम भेजकर सीवरेज लाइन की सफाई करवाई। अधिकारियों का कहना है कि इस क्षेत्र में कई पशु डेयरियां हैं जिस कारण सीवरेज ब्लॉक हो जाते हैं। ठाकर बस्ती निवासी महेन्द्र, दीपक, राजेन्द्र, राजकुमार, सुनील, सुरेन्द्र आदि ने कहा कि बाल भवन के पास पिछले कई डेढ महीने से सीवरेज ठप होने से सीवरेज का सारा गंदा पानी बाहर इकट्ठा हो गया है। सीवर ओवरफ्लो होकर गंदा पानी गलियों में भरने से जहां यहां से निकलना तक मुश्किल हो गया है वहीं गंदे पानी में पनप रहे मच्छरों के कारण बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। लोगों ने कहा कि पास ही सरकारी स्कूल है और यहां से काफी बच्चे होकर स्कूल आते-जाते हैं। इन बच्चों को भी गंदगी से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि वे पार्षद से लेकर पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों तक को बार-बार शिकायत दे चुके हैं, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने पार्षदों पर पैसे खाने के आरोप लगाते हुए कहा कि विकास के लिए आने वाले सारे पैसे खा लिए जाते हैं और लोग परेशान हैं। हालांकि, पार्षद सुरेंद्र डींगवाल ने काफी सफाई देने की कोशिश की, लेकिन लोग संतुष्ट नजर नहीं आए। पार्षद ने कहा कि काम तो अधिकारियों को करना है। लोगों ने पार्षद से समस्या का स्थायी समाधान करवाने की मांग की है। पार्षद सुरेंद्र डींगवाल ने कहा कि डेयरियों के कारण सीवर ओवरफ्लो रहते हैं। डेयरियों से निकलने वाली गंदगी भी सीवर लाइन में डाल दी जाती है। फिर भी वह अधिकारियों के संज्ञान में डालकर समाधान करवाने का प्रयास करेंगे। बाद में सूचना मिलने पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर टीम भेजकर इस क्षेत्र में सीवरेज लाइनों की सफाई करवाई।



**फतेहाबाद।** ठाकर बस्ती में सीवरेज की सफाई करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### डेयरियों से निकली गंदगी से हुई ब्लॉकेज

ठाकर बस्ती क्षेत्र में कुछ लोगों ने पशुबाड़े बना रखे हुए हैं। डेयरियों से निकल रही सारी गंदगी सीवरेज लाइन में जाती है। इस कारण सीवरेज ब्लॉक हो रहे हैं। डेयरी संचालकों पर कार्रवाई का काम नगरपरिषद का है। अगर डेयरियों की गंदगी सीवरेज लाइन न डाली जाए तो सारी समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा।

-सतपाल रोज, एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग

## यातायात पुलिस ने 15 मोडिफाइड बुलेट साइलेंसर जब्त कर किए नष्ट

- अवैध मोडिफिकेशन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद यातायात पुलिस ने शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मनचलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मोडिफाइड बुलेट साइलेंसर के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कुल 15 मोडिफाइड साइलेंसर जब्त कर मौके पर ही नष्ट किए गए। जब्त किए गए सभी साइलेंसरों को यातायात प्रभारी उप निरीक्षक जयसिंह द्वारा आज अयालकी के पास बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया। इस दौरान अन्य यातायात पुलिसकर्मी भी मौके पर उपस्थित रहे। ये साइलेंसर न केवल ध्वनि प्रदूषण का प्रमुख कारण हैं, बल्कि आमजन को मानसिक तनाव और सामाजिक असुविधा का भी सामना करना पड़ता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वाहनों में इस प्रकार के अवैध मोडिफिकेशन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी ऐसे संशोधनों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस उन सभी वाहन चालकों को चेतावनी देती है जो गैरकानूनी तरीके से अपने वाहनों में तेज आवाज वाले साइलेंसर या अन्य अवैध उपकरण लगाते हैं। भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**फतेहाबाद।** जब्त किए गए साइलेंसर नष्ट करते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

## फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन हड़पने के प्रयास का भंडाफोड़, आरोपी काबू

- अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका भी खंगाली जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन हड़पने के प्रयास के मामले का भंडाफोड़ करते हुए रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान धर्मपाल सिंह उर्फ धर्मा पुत्र मिठू सिंह निवासी वार्ड नं. 7, रतिया के रूप में हुई है। इस कार्रवाई की पृष्ठभूमि में तहसीलदार, रतिया द्वारा थाना शहर रतिया को 16 अक्टूबर 2024 को एक शिकायत दी गई थी। पत्र में गांव सहनाल की विभिन्न वसीका संख्याओं 282, 283, 288, 1072, 1073 की कानूनी वैधता पर संदेह जताया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि एक मृत महिला के नाम से फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार करवा कर, जाली पहचान के आधार पर भूमि की रजिस्ट्री करवाई गई। पुलिस जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपियों ने सुनियोजित षड्यंत्र के तहत एक फर्जी महिला को भूमि की वास्तविक मालिक बताकर 10 कनाल 10 मरले भूमि की अवैध रजिस्ट्री करवाई। इस फर्जीवाड़े में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा चुकी है, और जांच में धर्मपाल सिंह की भूमिका मुख्य साजिशकर्ता के रूप में उजागर हुई। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच जारी है, और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

## स्कूल संचालक के घर में घुसे चोर लाखों का सामान लेकर हुए फरार

- पुलिस ने चोरों की तलाश की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर के मॉडल टाउन में चोरों ने दिनदहाड़े स्कूल संचालक के घर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय स्कूल संचालक स्कूल गए हुए थे जबकि उनकी पत्नी पड़ोस में किसी धार्मिक समारोह में गई थी। पीछे से घर में घुसे चोरों ने कमरे, अलमारी के लॉक तोड़कर सोने के जेवर और अन्य सामान चोरी कर लिया। मकान मालिक को जब चोरी का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। दी ऑलिव स्कूल के संचालक टीडी मेहता ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे उनकी पत्नी घर पर ताला लगाकर पड़ोस में धार्मिक पाठ के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गई थी। जब वह करीब दो घंटे बाद वापस लौटी तो ताला टूटा हुआ था। इसके बाद डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद डायल 112 की टीम और बस स्टैंड चौकी पुलिस के कर्मचारियों ने मौके पर आकर मामले की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस ने शिकायत लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के विरोध में सीपीएम 8 को करेगी प्रदर्शन

- बैठक में लिया निर्णय, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का भी किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी की बैठक शहीद उधम सिंह भवन, रामकुमार बहबलपुरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन कर रहे जिला सचिव जगतार सिंह ने बताया कि मीटिंग में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण व बिजली निजीकरण का रास्ता साफ करने की नीति से प्रीपेड मीटर लगाने के विरोध के लिए 8 अगस्त को जिला में दो जगह फतेहाबाद डीसी कार्यालय व टोहाना एसडीएम कार्यालय पर विरोध धरना प्रदर्शन किए जाएंगे। मीटिंग में राज्य सचिव प्रेम चंद, जिला प्रभारी एवं पूर्व सीसी मैंबर सुरेंद्र मलिक व सचिवमंडल सदस्य दिनेश सिवाच ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का आदेश दिया है। अब, चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को पूरे देश में लागू करना चाहता है। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के नाम पर, चुनाव आयोग मतदाताओं की नागरिकता सत्यापित करने के अधिकार को हथिया रहा है, जो उसके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र से बाहर है।



**फतेहाबाद।** माकपा जिला कमेटी की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।



**फतेहाबाद।** बीघड़ चौक पर तैनात ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### बीघड़ चौक सहित शहर में नहीं होगी ट्रैफिक जाम की समस्या, यातायात पुलिस रहेगी मुस्तैद

**फतेहाबाद।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। बीघड़ रोड पर अक्सर लगने वाले जाम के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बीघड़ चौक, जो कि शहर का एक प्रमुख ट्रैफिक प्वाइंट है, वहां यातायात पुलिस कर्मचारी नियमित रूप से तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। यातायात शाखा द्वारा शहर के अन्य व्यस्ततम क्षेत्रों में भी ट्रैफिक नियंत्रण एवं निगरानी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन प्रबंधों से पूरे शहर में यातायात का प्रवाह सुचारु और व्यवस्थित बना रहेगा। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस का सहयोग करें, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था और भी बेहतर बनाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि जाम की समस्या पर कड़ी निगरानी रखने हेतु सीसीटीवी कैमरे, चालान की कार्रवाई, तथा तत्काल रिस्पॉन्स टीम को भी सक्रिय रखा गया है।

## अनुशासन और सतर्कता का किया प्रदर्शन

- पुलिस लाइन फतेहाबाद में अनुशासित परेड का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

'सेवा, सुरक्षा और सहयोग' के मूल मंत्र को सजीव करते हुए पुलिस लाइन फतेहाबाद में अनुशासित पुलिस परेड का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले के पुलिस बल ने अनुशासन, आत्मबल और सतर्कता का अनुकरणीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने किया, जिन्होंने परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिस कर्मियों की तत्परता, शारीरिक क्षमता और अनुशासन की प्रशंसा की। निरीक्षण उपरांत एसपी ने कहा, एक सतर्क प्रहरी का मन और शरीर दोनों सशक्त होने चाहिए। पुलिसिंग सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि यह एक समर्पित जीवनशैली है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को निरंतर अभ्यास, ऊर्जावान मनोबल और नैतिक प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया। परेड के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने ईआरवी, राइडर और पीसीआर यूनिट्स के कार्य संचालन की समीक्षा की। उन्होंने बल को निर्देशित किया कि आमजन को त्वरित, प्रभावी और संवेदनशील सेवा देना ही पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। एसपी ने पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत व पारिवारिक समस्याएं भी गंभीरता से सुनीं और कई मामलों में स्थल पर ही समाधान उपलब्ध करवाया। उन्होंने आश्वस्त किया कि फतेहाबाद पुलिस बल का हर सदस्य विभागीय कल्याण के दायरे में है, और उसकी आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कर्मियों को नियमित योग, संतुलित आहार, और संयमित जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया।



**फतेहाबाद।** पुलिस परेड का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन। *फोटो : हरिभूमि*

## साइबर टीम की मेहनत रंग लाई, गुम हुए 11 स्मार्टफोन सही हाथों में पहुंचे

- अब तक पुलिस ने 165 से अधिक गुम मोबाइल फोन असल मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस की टीम ने एक सराहनीय कार्य करते हुए गुमशुदा मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए, जिससे चेहरों पर मुस्कान लौट आई। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में 11 स्मार्टफोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख है, उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। अब तक 165 से अधिक गुम मोबाइल फोन पुलिस द्वारा बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। इस सफलता का श्रेय साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार और उनकी तकनीकी टीम को जाता है, जिन्होंने आईएमईआई नंबर, डिजिटल ट्रैकिंग, और लोकेशन आधारित तकनीकों के माध्यम से मोबाइल फोन ट्रेस कर उन्हें नियमानुसार सुपुर्द किया। इस अवसर पर एसपी सिद्धांत जैन ने मोबाइल लौटाए। नागरिकों के चेहरों पर संतोष और आंखों में कृतज्ञता यह दर्शाती है कि पुलिस अब केवल सुरक्षा का नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और सेवा भावना का भी पर्याय बन रही है।



**फतेहाबाद।** लोगों को उनके गुम मोबाइल फोन लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

## 12.30 करोड़ की राशि से होंगे विकास कार्य

- जिला विकास एवं निगरानी कमेटी की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को उपायुक्त शांतनु शर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला विकास योजना के तहत करवाए जाने वाले कार्यों की समीक्षा एवं मूल्यांकन किया गया और नए विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, ऐलनाबाद विधायक भरत सिंह बैनीवाल, अतिरिक्त उपायुक्त विरेंद्र सहरावत, एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार, डीडीपीओ बलजीत सिंह, ब्लॉक समिति चेयरमैन नाथूसरी चौपटा, बड़ागुढा, रानियां व डबवाली तथा योजना अधिकारी अमिता भी मौजूद रही। उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2024-25 के 306 विकास कार्य स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 226 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष अन्य पर कार्य चल रहा है। जिला विकास योजना वर्ष 2025-26 में सरकार की ओर से 20.43 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

### आप प्रदेशाध्यक्ष ने पुस्तकालय बचाओ संघर्ष समिति की मांग का किया समर्थन

## फतेहाबाद में आदर्श पुस्तकालय बनाने को लिखा पत्र

- पुस्तकालय के लिए तुरंत उपयुक्त भूमि आवंटित किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला पुस्तकालय फतेहाबाद की बदहाल स्थिति अब केवल प्रशासनिक उपेक्षा का नहीं, बल्कि एक गंभीर जनसरोकार और राजनीतिक मुद्दा बनती जा रही है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा के पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर जिला पुस्तकालय की वर्तमान हालत सुधारने की मांग की है। डॉ. गुप्ता ने पत्र में लिखा कि वर्ष 2007 में स्थापित जिला पुस्तकालय को 17 वर्ष बीत जाने के बावजूद अपना स्वतंत्र भवन नहीं मिल पाया है। कभी कंडम भवन, कभी भीड़भाड़ वाले बस स्टैंड और अब बाल भवन की सीमित जगह में पुस्तकालय का संचालन होना शिक्षा, ज्ञान और बौद्धिक विकास की दिशा में गंभीर चिंता का विषय है। आप सांसद डॉ. गुप्ता ने पुस्तकालय बचाओ संघर्ष समिति का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री से मांग की है कि फतेहाबाद में पुस्तकालय के लिए तुरंत उपयुक्त भूमि आवंटित की जाए और वहां हरियाणा का एक आदर्श व आधुनिक पुस्तकालय स्थापित किया जाए।



**फतेहाबाद।** जिला पुस्तकालय को लेकर आप प्रदेशाध्यक्ष द्वारा लिखा गया पत्र।

#### एक्स पर मांग को किया साझा

इस मांग को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी साझा कर जन समर्थन भी मांगा। इस विषय पर पुस्तकालय संघर्ष समिति के संयोजक मोहनलाल नारंग ने प्रतिक्रिया व धन्यवाद देते हुए कहा कि डॉ. सुशील गुप्ता की पहल साहित्य और समाज दोनों के लिए सराहनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि फतेहाबाद में हरियाणा की आदर्श लाइब्रेरी की नींव रखें। नारंग ने हरियाणा की अन्य प्रमुख राजनीतिक पार्टियों कांग्रेस, इनेलो, जजपा और अन्य दलों से उक्त मुद्दे को लेकर व्यापक जनहित में समर्थन का अनुरोध किया। उन्होंने खास तौर पर सांसद कुमारी सैलजा व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे को संसद व विधानसभा में प्रमुखता से उठाएं। वहीं फतेहाबाद की जनता और विभिन्न सामाजिक संगठनों की वर्षों पुरानी मांग को अब राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है। यदि सभी पक्ष एकजुट होकर इस मुद्दे को उठाएं, तो वह दिन दूर नहीं जब फतेहाबाद को हरियाणा की पहली मॉडल लाइब्रेरी के रूप में देखा जाएगा।



विशेष
रक्षाबंधन
9 अगस्त

# रक्षाबंधन
## कभी ना कमजोर हो रिश्तों की डोर

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व है रक्षाबंधन। इस दिन जब बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है, तो दोनों के रिश्ते और गहरे होते हैं। समय के बदलाव के साथ इस रिश्ते के ताने-बाने कमजोर हो रहे हैं। इसलिए जरूरी है, रक्षाबंधन के मूल्यों को सहेजा जाए ताकि भाई-बहन के रिश्तों की ऊष्मा कम ना हो।

आवरण कथा
यशोधरा भटनागर

रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक अनुभूति है। बहन की कोमल भावनाओं से बुनी-गूंथी रेशम की डोर भाई की कलाई पर बंध उसके मन को बांध लेती है। उस रिश्ते की गहराइयों में उतर जाती है, जिसमें न अपेक्षा होती है, न शर्त। एक निस्वार्थ भावना, रक्षा और पावन स्नेह राखी की कच्ची डोर को मजबूती से बांधे रखती है।

### एक भावनात्मक परंपरा

रक्षाबंधन स्मृतियों, स्नेह और संबंधों की एक ऐसी भावनात्मक परंपरा है, जो हर साल भाई-बहन के अटूट बंधन को नए अर्थ देती है। एक रेशमी धागा, जो पीढ़ियों से बहन की आशा और भाई की जिम्मेदारियों को जोड़ता आ रहा है। समय के साथ बहन ने भाई की जिम्मेदारी भी खुशी-खुशी अपने कंधों पर उठा लेने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। पहले राखी का त्योहार केवल मनाया ही नहीं जाता था, जिया जाता था। रक्षाबंधन का उत्साह लिए बड़ी बुआ, जिनके बालों में सफेदी और चेहरे पर अनुभवों का प्रकाश होता, वह पूरे हर्षोल्लास से भाई के घर आतीं, मायके का आंगन उनके आगमन से महक उठता।

### हंसी-ठिठोली और प्रेम से भरा त्योहार

एक समय ऐसा था जब, *'साल भरे में एक बार त्योहार जे पावन आवै, पहुंच जाऊं मायके जल्दी से मोरों जी हरसावै...'* गीत गाती बुआएं बैठे-बैठे सिवइयां तोड़ देतीं। अम्मा घर पर ही सुंदर-सुंदर कपड़े सिल लेतीं। मां, बुआओं और बेटियों की कलाई पर रंग-बिरंगी चूड़ियां खनखनातीं, हाथों की मेहंदी की सुवास त्योहार में कुछ अलग रंग भर देता। पाजेबों की रुनझुन मधुर संगीत गढ़ लेती। रेशम की लच्छियों से बनी राखियों में बहनें, भाई के लिए अपना सारा स्नेह उड़ेल देतीं। रक्षाबंधन की सुबह ही बड़े उत्साह से चावल, रोली, नारियल और मिठाइयों से थाल सजाया जाता। हंसी-ठिठोली और प्रेम से सराबोर हो त्योहार मन जाता। चाव से लड्डू खाता भाई, आरती उतारती बहन को नेग के लिए खूब सताता। फिर शुरू हो जाती प्यार भरी लड़ाई तो अम्मा शगुन रख यह प्यारा सा झगड़ा सुलझा देतीं।

### बहुत बदल गए हैं अहसास

एक समय था, रिश्ते खून के नहीं, भावना के होते थे। राखी भाई का वचन होती थी- *'तेरे दुःख से पहले मैं आऊंगा बहन।'* और बहन की नजरें कहती थीं- *'जब तू है तो मुझे किसी और की जरूरत नहीं।'* आज ऐसे एहसास ढूंढे नहीं मिलते। आधुनिक जीवन की आपा-धापी में रक्षाबंधन भी एक कैलेंडर इवेंट बन गया है। भाई-बहन के पास समय नहीं है, भावनाएं स्क्रीन पर सिमट गई हैं। राखी अब ई-कॉमर्स के डिब्बों में आती है। प्रेम उसमें बंधे नोट में नहीं, साथ बिताए समय में था, जो अब दुर्लभ होता जा रहा है। आज जब मोबाइल फोन पर प्रियंका ने राखी भेजी और मीटिंग में उलझे भाई बिट्टू ने दो पल का समय निकाल कर 'हैप्पी रक्षाबंधन' कहा तो वह मुस्कुरा तो दी, पर भीतर कहीं एक रिक्तता तैर गई। कॉल कटते ही उसका चेहरा बुझ गया। याद हो आए वो दिन, जब रक्षाबंधन का त्योहार कई दिन पहले ही अंदर बाहर उत्साह भर देता था। भाई के लिए थाली वह कितने प्यार से सजाती थी। मिठाई में बिट्टू की पसंद के रसगुल्ले जरूर होते और वह एक के एक करके गपागप कितने ही सटका जाता। नेग के नाम पर कहता, 'जिज्जी ढेर सारा प्यार दे तो रहा हूं' या कभी चॉकलेट का खाली रैपर रख देता। लड़-झगड़ कर वह भी मोटा नेग लेती थी। यह सब याद कर एक हंसी उसके चेहरे पर तिर आई। वह धीरे से बुदबुदाई, 'सदा ऐसे ही खुश रहो मेरे प्यारे भाई!'




### रिश्तों को सहेजने वाला पर्व

रक्षाबंधन केवल एक रस्म नहीं, यह रिश्तों को समय देकर, उन्हें सहेज कर, पीढ़ियों से जोड़ने का एक माध्यम है। आज जब जिंदगी की आपा-धापी में बहुत कुछ छूट रहा है, तो जरूरी है कि हम उन भावनात्मक डोरियों से फिर से बंधें। थोड़ी देर साथ बैठें, बात करें, यादें ताजा करें और अपनों को ये एहसास दिलाएं कि रक्षाबंधन का दिन हमारे जीवन के सबसे सुंदर दिनों में से एक है।

### राखी के धागों की पकड़ सहेजें

राखियां डिजिटल हो सकती हैं, मिठाइयां ऑनलाइन मिल सकती हैं, पर... बड़ी बुआ के हाथों की कांपती अंगुलियों से बंधी राखी, मुंहबोली बुआ की आंखों में छलकता प्यार, ये अनुभव किसी स्क्रीन पर नहीं, सिर्फ दिल में उतरते हैं। इस रक्षाबंधन, क्यों न हम राखी केवल भेजें नहीं, बल्कि इसे जिएं। क्यों न हम फिर से लौटें उन लम्हों की ओर, जो हमारी असली पूंजी हैं! क्योंकि रिश्तों की असली मिठास न रसगुल्लों में है, न उपहारों में, वो तो बस एक बात में छुपी है, जब भाई कहता है, 'बहन मैं हूं... तुम्हारे साथ... हमेशा-हमेशा।' फिर इस पर 'भाई तेरी खुशी में ही मेरी खुशियां हैं।' ऐसी बातों में और बहन की मुस्कान में भाई का गर्व छुपा होता है और भाई की आंखों में बहन का संसार। तो आइए इस रक्षाबंधन एक बार फिर से रिश्तों की गर्माहट को महसूस करें, उस डोर को फिर से सहेजें, जो शायद ढीली पड़ गई पर टूटी नहीं है।



## भाई-बहन के प्रगाढ़ प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई की कलाई पर आप भी जरूर राखी बांधेंगी। अगर आप वास्तु नियमों के अनुसार इस परंपरा को निभाएं तो इससे बहुत शुभ फलों की प्राप्ति होगी और आप दोनों का आपसी प्रेम सदैव बना रहेगा।

पर्व-परंपरा
अनीता जैन

रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह, आत्मीयता और आपसी विश्वास का प्रतीक है। इस विशेष दिन बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक कर उसकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है। भाई आजीवन अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है। यह पर्व मात्र एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मीयता, दायित्व और आपसी प्रेम का ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ निभाता है। इस दिन का धार्मिक, पौराणिक और वास्तु शास्त्र से जुड़ा महत्व भी है, जिसे समझकर और विधिपूर्वक पालन कर इस पर्व को और अधिक फलदायी और शुभ बनाया जा सकता है। अच्छे मुहूर्त और भद्रारहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्यसिद्धि और हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है।



### ऐसे बांधें राखी

वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार वह प्रमुख स्थान है, जहां से सकारात्मक ऊर्जा घर के भीतर प्रवेश करती है, जो आपकी और भाई की समृद्धि के लिए मददगार हो सकती है। रक्षाबंधन के दिन मुख्य द्वार पर ताजे फूलों और पत्तियों से बनी बंधनवार लगाएं और रंगोली से घर को सजाएं। पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई और कुछ ताजे फूलों के बीच में एक घी का दीया रखें। दीपक प्रज्वलित कर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव को तिलक लगाकर राखी बांधें और आरती उतार कर मिठाई का भोग लगाएं। फिर भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। इसके बाद उनके सिर पर रुमाल या कोई वस्त्र रखें। अब भाई के माथे पर रोली-चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर उसके हाथ में नारियल दें। इसके बाद येन बद्धो बलि राजा, दानवेंद्रो महाबलः। तेन त्वाम प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचलः। इस मंत्र को बोलते हुए भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। भाई की आरती उतार कर मिठाई खिलाएं और उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करें। इसी दिन देवताओं, ऋषियों और पितरों का तर्पण करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है। इस दिन आप नदियों, तीर्थों, जलाशयों आदि में स्नान और दान-पुण्य करके ईष्ट कार्य भी सिद्ध कर सकते हैं।



### राखी बांधने के नियम

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में काले रंग को औपचारिकता, बुराई, नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

### ऐसे शुरू हुई राखी बांधने की परंपरा

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार के रूप में राक्षस राज बलि से तीन पग में उनका सारा राज्य मांग लिया था और उन्हें पाताल लोक में निवास करने को कहा था, तब राजा बलि ने भगवान विष्णु को अपने मेहमान के रूप में पाताल लोक चलने को कहा। जिसे विष्णुजी मना नहीं कर सके। लेकिन जब लंबे समय तक श्री हरि अपने धाम नहीं लौटे तो लक्ष्मी जी को चिंता होने लगी। तब नारद मुनि ने उन्हें राजा बलि को अपना भाई बनाने की सलाह दी। अपने पति को वापस लाने के लिए माता लक्ष्मी गरीब स्त्री का रूप धारण कर राजा बलि के पास पहुंच गईं और उन्हें अपना भाई बनाकर राखी बांध दी। इसके बदले उन्होंने भगवान विष्णु को पाताल लोक से ले जाने का वचन मांग लिया। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा थी और माना जाता है कि तभी से रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाने लगा है।

---

बदलाव
मधु सिंह

पारंपरिक तौर पर भले ही रक्षाबंधन पर बहनें ही भाई को राखी बांधती हैं। लेकिन नए दौर में अब कई बहनें भी आपस में एक-दूसरे को राखी बांधने लगी हैं। यह नई परंपरा बहनों के बीच आपसी स्नेह और जुड़ाव को और मजबूत भी बना रही है।

## अब केवल भाइयों को ही नहीं बहनों को भी बांध रही हैं राखी



नवी मुंबई की रितिका, गीतिका बरसों तक रक्षाबंधन के दिन अपना कोई भाई न होने की कसक में गुजारती रही हैं। लेकिन पिछले दो सालों से उनकी यह कसक दूर हो गई है, क्योंकि अब दोनों बहनें रक्षाबंधन वाले दिन एक-दूसरे को राखी बांधकर एक दूसरे की रक्षक होने की पुष्टि करती हैं। बहनों द्वारा बहनों को ही राखी बांधने की यह परंपरा एक समावेशी और आत्मीय सामाजिक रिश्ते का संकेत है। पिछले दो तीन सालों से इस ट्रेंड की यह ताजगी भरी बयार सबको सुखद लग रही है, इसीलिए यह ट्रेंड बढ़ता जा रहा है।

**रक्षा की नई परिभाषा:** अभी तक भाई ही बहन को रक्षा करने का वचन देता रहा है। यही कारण है कि इस पारंपरिक त्योहार के आते ही हमारे दिलो-दिमाग में एक ट्रेडिशनल छवि कौंध जाती है, जिसमें थाल सजाए बहन, भाई की कलाई पर राखी बांध रही होती है। लेकिन इक्कीसवीं सदी की एक चौथाई अवधि बीत जाने के बाद भारत में बहुत कुछ बदल रहा है। यह युवा ताजगी से भरा देश कई संबंधों को पुनर्परिभाषित कर रहा है और ऐसा ही संबंध है, बहन से बहन का। आज बहनें भी अपनी दूसरी बहनों को खुशी-खुशी राखी बांध रही हैं, न कोई संकोच, न कोई सामाजिक संकीर्णता।

**भावनाओं का बढ़ा दायरा:** जब तक बहन की राखी सिर्फ भाई की कलाई में बंधती थी, तब तक ये खास रिश्ते की वायस थी। आज इस रिश्ते का दायरा बड़ा हो गया है, अब बहनें भी एक-दूसरे से कहती हैं, 'मैं भी तेरी रक्षक हूं, तूने हर मोड़ पर मेरा साथ दिया है, मेरे जीवन में तेरा होना किसी भाई से कम नहीं।' चाहे वो बड़ी बहन हो या छोटी बहन। आज बहनें एक-दूसरे का संबल ही नहीं बन रहीं बल्कि वे एक-दूसरे की ढाल भी बन रही हैं। इसलिए राखी के रिश्ते में यह परिवर्तन स्वाभाविक है।

**पारंपरिक संवेदना की नई ऊर्जा :** बहनों द्वारा बहनों को राखी बांधना एक ट्रेंड भर नहीं है, यह परंपरा की नई संवेदना है। यह उस पीढ़ी का इमोशनल इंटेलीजेंस है, जो सुरक्षा को केवल बाहुबल के चश्मे से नहीं देखती बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक सहारे के रूप में भी देखती है। एक बहन को दूसरी बहन राखी बांधकर यह जताती है कि मैं तेरे संघर्षों में साथ खड़ी हूं। इससे साबित होता है कि राखी अब केवल भौतिक रक्षा का ही प्रतीक नहीं है। यह सम्मान, भरोसे और बराबरी का भी संदेश देता है।

**रिश्ते बन रहे प्रगाढ़:** बहनों के एक-दूसरे को राखी बांधने की यह नई परंपरा, बहनों के आपसी रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही है। बहनें, एक-दूसरे के दुख में संबल बन खड़ी हो रही हैं। खुशियों में उल्लास और उमंग से शामिल हो रही हैं। वैसे भी बचपन की दहलीज पार करने के बाद बहनें जब किशोरावस्था और युवावस्था में कदम रखती हैं तो वे एक-दूसरे की सबसे विश्वस्त सखी-सहेली बन जाती हैं। अपनी वो बातें भी आपस में शेयर करने लगती हैं, जिसे मम्मी-पापा से नहीं कह पाती हैं। उन्हें यकीन होता है कि उनकी बहन हर स्थिति को समझकर सबसे उपयुक्त सलाह जरूर देगी। स्ट्रेस या चिंताओं से उन्हें उबार लेगी। यानी बहनों के रिश्ते को गहन बनाने में आपस में राखी बांधने की नई परंपरा, बड़ी भूमिका निभा रही है।



### नई पीढ़ी-नई पहचान

साल 2025 में बहनें रक्षा के लिए किसी की याचक नहीं हैं बल्कि वह संदेश दे रही हैं कि बहनें अब बहनों की रक्षा खुद कर लेंगी। इसलिए वे आज एक-दूसरे को राखी बांध रही हैं। यह एक नई परंपरा ही नहीं बल्कि सोच में स्थाई बदलाव की दस्तक है। वह दस्तक जो कहती है कि हम बहनें हैं, हम साथ हैं और एक-दूसरे की रक्षा करना हमारे रिश्ते की सुंदर परिभाषा है।

---

मेकअप
मानसी

## फेस्टिव लुक के लिए करें ग्लॉसी मेकअप

रक्षाबंधन के खास मौके पर पहनने के लिए आपने अपनी ड्रेस फाइनल कर ली है लेकिन अगर अभी आप डिसाइड नहीं कर पा रही हैं कि किस तरह का मेकअप करें, तो आपको बता दें कि कोई भी लुक तभी परफेक्ट लगता है, जब ड्रेस के साथ मेकअप मैच करता है। इस खास फेस्टिव ऑकेजन पर आप ग्लॉसी मेकअप कर सकती हैं। इसके प्रॉपर स्टेप्स के बारे में यहां बता रहे हैं।

**एक्सफोलिएशन-मॉयश्चराइजेशन:** मेकअप शुरू करने से पहले जरूरी है कि आप अपने चेहरे को अच्छी तरह धो लें और फिर स्किन को एक्सफोलिएट करें। इससे चेहरे पर डेड स्किन निकल जाएगी। साथ ही चेहरे पर मौजूद धब्बे भी हल्के पड़ जाएंगे। इससे स्किन सॉफ्ट भी हो जाएगी। इसके बाद आप चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे त्वचा पर नमी बनी रहेगी।

**प्राइमर और फाउंडेशन:** जब आप चेहरे को मॉइस्चराइज कर लें तो जरूरी है कि उसके बाद मेकअप को बेस देने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करे, जिससे आपका मेकअप ज्यादा लंबे समय तक टिका रहेगा। साथ ही चेहरे पर दाग धब्बे भी नजर नहीं आते हैं। जब आप चेहरे पर प्राइमर का इस्तेमाल कर लें तो उसके बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। बिना फांउडेशन के मेकअप को सही लुक नहीं मिल पाता है। इसलिए फाउंडेशन का इस्तेमाल चेहरे पर जरूर करें। ऑयली स्किन वाली महिलाएं ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही यूज अपने चेहरे पर करें।



**आई मेकअप:** आपका कंप्लीट मेकअप तभी सुंदर नजर आता है, जब आपने आंखों का मेकअप परफेक्ट तरीके से किया हो। इसके लिए आप आई मेकअप को सही तरह से करें। ध्यान रखें कि ग्लॉसी मेकअप के लिए आंखों को थोड़ा सॉफ्ट और नेचुरल लुक देना जरूरी है। इसके लिए अपनी आंखों पर रोज गोल्ड या सिल्वर आईशैडो लगाएं। फिर आईशैडो को चमकदार बनाने के लिए अपनी आंखों पर थोड़ी मात्रा में आई-सेफ क्लियर लिप ग्लॉस या पेट्रोलियम जैली लगाएं। इसके बाद आप पलकों को कर्ल करके मस्कारा के दो कोट लगाएं।

**चीकबोंस नजर आए ग्लॉसी:** जब आंखों का मेकअप हो जाए तो ग्लॉसी लुक के लिए चीकबोंस, नाक और चेहरे के कुछ हिस्सों को उभारने के लिए उन पर ब्रोंजर का इस्तेमाल करें। फिर गालों पर पीच शेड का क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें। इसके बाद अपने चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और माथे पर थोड़ा हाईलाइटर लगाएं। इसे ब्यूटी ब्लेंडर या फिर फ्लेयर ब्रश से स्मज करें।

**लिप ग्लॉस लगाएं:** चूंकि आप ग्लॉसी मेकअप कर रही हैं, इसलिए आपको होंठों पर लिप ग्लॉस का इस्तेमाल करना होगा। आप लिप ग्लॉस में कलर अपनी पसंद का चुन सकती हैं।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

---

आप अपने भाई के लिए प्यारी सी राखी तो चुनेंगी ही। इसके साथ ही, जिस थाली में रोली, अक्षत के साथ राखी रखेंगी, वो भी बहुत आकर्षक दिखे, इसके लिए ये तरीके अपना सकती हैं।

## आकर्षक दिखेगी रक्षाबंधन वाली थाली



परंपरा
निधि गोयल

हर बहन को इंतजार होता है राखी आएगी तो भाई के लिए वह सुंदर सी राखी तो लाएगी ही, साथ ही राखी, रोली, अक्षत, चंदन, आरती का दीपक और मिठाई आदि रखने के लिए थाली भी सुंदर सी सजाएगी। हम यहां पर विस्तार से बता रहे हैं इसे सजाने का तरीका।

**चुनरी का फैब्रिक:** आप सबसे पहले थाली का बेस बनाने के लिए चुनरी का फैब्रिक लें और उसे पूरी थाली पर चिपका दें। इससे आपकी थाली काफी अट्रैक्टिव नजर आएगी। लाल रंग की चुनरी का फैब्रिक सबसे आकर्षक लगता है। आप यदि चुनरी का फैब्रिक इस्तेमाल नहीं करना चाह रही हैं तो उसकी जगह चुनरी प्रिंट में पेपर लेकर भी थाली को सजा सकती हैं। इसे आपको पूरी थाली के तल पर बहुत अच्छी तरह से चिपकाना है, जिससे पूरी थाली इस फैब्रिक से ढंक जाए।

**गोटा:** जब आप चुनरी का फैब्रिक या पेपर थाली पर लगा लें तो इसके बाद आपको उसे आकर्षक दिखाने के लिए गोटे का इस्तेमाल करें। लेकिन बहुत ज्यादा मोटा गोटा उस पर नहीं लगाएं, क्योंकि इससे थाली का लुक अच्छा नहीं लगेगा। मीडियम साइज के गोटे से थाली को सजाएं। आप इसे अपनी इच्छानुसार शेप में लगा सकती हैं। थाली गोल होती है तो गोल शेप में लगाते हुए गोटे चिपका दें या फिर क्रिएटिविटी के साथ अलग डिजाइन में सजा सकती हैं।

**मिरर:** जब आप थाली को गोटे से सजा दें तो उसके बाद मिरर का इस्तेमाल करें। मिरर को आप थाली पर जगह-जगह चिपका सकती हैं। इससे थाली बेहद सुंदर नजर आएगी।

**लेस और लटकन:** आप चुनरी के फैब्रिक को लगाने के बाद उसके चारों तरफ थाल के किनारे-किनारे लेस को चिपका सकती हैं, जिससे थाली का लुक चेंज हो जाएगा। अगर आपको लटकन लगानी है तो इस लेस से अटैच करते हुए चारों कोनों पर लटकन को लगा सकती हैं।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### जेजेपी आज मनाएगी इनसो का स्थापना दिवस

**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो का 23वां स्थापना दिवस पांच अगस्त को फतेहाबाद में सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन पार्टी द्वारा सामाजिक सरोजकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए जजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता जतिन खिलेरी ने बताया कि 5 अगस्त को फतेहाबाद के गांव दौलतपुर स्थित कृष्णा कस्तूरी गौशाला और टोहाना में शिवनंदी गौशाला में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### डिपो पर सरसों का तेल प्राप्त करने का मिलेगा विकल्प

**सिरसा।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जन वितरण प्रणाली के लाभार्थियों को एक बार में एक लीटर अथवा दो लीटर सरसों के तेल प्राप्त करने का विकल्प प्रदान किया गया है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि यदि कोई लाभार्थी प्रारंभ में एक लीटर सरसो का तेल प्राप्त करता है तो 30 रुपये प्रति लीटर की दर से शुल्क लिया जाएगा। इसके बाद में अतिरिक्त तेल की मांग स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि लाभार्थी 2 लीटर सरसो का तेल प्राप्त करता है तो 100 रुपये की दर से शुल्क लिया जाएगा।

### खाली सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग आज

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस डिपार्टमेंट के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 से इंटीग्रेटेड बी.एससी.(ऑनर्स /ऑनर्स विद रिसर्च) -एम.एससी. कंप्यूटर साइंस (साइबर सिक्योरिटी) कोर्स भी आरंभ किया गया है।

### बसपा ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से उपायुक्त कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हरियाणा में दलितों, पिछड़ों और कमजोर वर्गों पर हो रहे लगातार अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता बलबीर मुंडे, महेंद्र सिंह धानिया, जिलाध्यक्ष रामदिया खेड़ी, पवन बलराज सातरोड, विजय बौद्ध जितेंद्र मोटा, मनीष, अनिल चोपड़ा, संदीप मिर्जापुर, संदीप बराड़ आदि मौजूद रहे।

---

### ग्रामीण सफाईकर्मी 24 को पंचायत मंत्री के गृहक्षेत्र पर करेंगे प्रदर्शन

# न्यूनतम वेतन रिवाइज नहीं करके अन्याय कर रही सरकार : बेगराज

- ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला कमेटी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला कमेटी की बैठक आज जिला प्रधान सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव हरपाल सिंह ने किया। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा अनुसार सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन 26000 न करने, अभी तक इन कर्मचारियों को पक्का न करने, समय पर मानदेय का भुगतान न करने, चार लेबर कोड वापस लेने तथा सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर 24 अगस्त को पंचायत मंत्री के गृहक्षेत्र मतलोडा में किए जाने वाले प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस प्रदर्शन में फतेहाबाद जिले से भी ग्रामीण सफाई कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए सीटू नेता बेगराज ने कहा कि पिछले वर्ष महर्षि बाल्मीकि जयंती पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई 26 हजार न्यूनतम वेतन की घोषणा आज तक लागू नहीं की गई। प्रदेश के मजदूरों के लिए 2015 से अब न्यूनतम वेतन रिवाइज नहीं हुए हैं, जबकि हर पांच सालों में न्यूनतम वेतन रिवाइज करना होता है। 2015 में हरियाणा व दिल्ली के न्यूनतम वेतन एक समान होते थे, दिल्ली के न्यूनतम वेतन 2020 में रिवाइज हो चुके हैं, लेकिन हरियाणा में नहीं, जिससे हरियाणा सरकार का न्यूनतम वेतन 6-7 हजार पीछे हो गया है। यह हरियाणा के मजदूरों के साथ भारी अन्याय है। बेगराज ने कहा कि भारत सरकार पुराने कर्मचारी मजदूर हितैषी श्रम कानूनों को बदलकर अब चार लेबर कोड़ों लागू करने जा रही है जो मजदूरों के लगभग सभी अधिकारों को छीन लेंगे। इनके लागू होने से मजदूरों को न्यूनतम वेतन नही मिल पाएगा। काम के घंटे 8 से बढ़कर 12 होंगे।

#### आंदोलन तेज करने का आह्वान

*रोजगार गारंटी समाप्त होगी, सामाजिक सुरक्षा पर रोक, कच्ची नौकरियों का प्रचलन आदि समस्याएं बढ़ेगी। बैठक को दर्शन सिंह, हरपाल सिंह, पवन कुमार, जगदीश चंद्र, गुरदास, बलबीर सिंह, अनिल कुमार, पवन सिंथला, साहब राम, सीटू के जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा आदि ने भी संबोधित कर आंदोलन तेज करने का आह्वान किया।*

---

*डबवाली में एसडीएम को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन*

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेसी हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते डॉ. केवी सिंह व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता।

सरकार द्वारा जमीन के कलेक्टर रेट बढ़ाने सहित अन्य जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को डबवाली के एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा और बढ़ाए गए रेटों पर पुनः विचार करने की मांग उठाई है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह ने कहा कि जमीन के कलेक्टर रेट में बार-बार बढ़ोतरी करना जन विरोधी कदम है और वर्ष 2024-25 में करीब 9 महीने पहले ही सरकार ने कलेक्टर रेट में 30 से 500 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की थी और अब फिर से 1 अगस्त से बढ़ोतरी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जब कलेक्टर रेट बढ़ाए जाते हैं तो लोगों को ऐतराज करने का मौका दिया जाता है, लेकिन इस बार यह मौका भी नहीं दिया गया।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार का दावा बिल्कुल झूठ है कि उसने 10 से 30 प्रतिशत तक ही रेट की बढ़ोतरी की है जबकि वास्तव में गुडग़ांव, फरीदाबाद, पंचकुला, अंबाला, करनाल, हिसार, कैथल, जींद के कलेक्टर रेट का अवलोकन करने पर पाया गया है कि यह वृद्धि 30 से लेकर 500 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि इन रेटों में बेतहाशा वृद्धि के चलते मध्य तथा गरीब वर्ग का मकान बनाने का सपना चकनाचूर होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने इस फैसले पर पुनः विचार करना चाहिए।

डॉ.केवी सिंह ने कहा कि कलेक्टर रेट की तरह ही सरकार ने फिक्स चार्ज, ओवरलोड चार्ज, फ्यूल चार्ज, लोड सिक्योरिटी आदि के नाम पर बिजली के बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है, जिसके चलते पहले ही महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों को बिजली की मार भी झेलनी पड़ रही है और लोगों में भारी रोष है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि वह खपत हुई बिजली के यूनिट्स के आधार पर ही उपभोक्ताओं को बिजली के बिल भेजें। उन्होंने कहा कि नकल जमाबंदी पोर्टल में हरियाणा सरकार द्वारा एक इंतकाल दर्ज होने के बाद उसे खेवट में दूसरा इंतकाल दर्ज नहीं हो सकता जबकि हरियाणा के शहरी क्षेत्र में गैर मारूसी खेवट बहुत बड़े हैं, जिनमें सैकड़ो की गिनती में हिस्सेदारी है और रिहायशी इलाका है। उन्होंने कहा कि पोर्टल में उपरोक्त कमी के चलते एक इंतकाल दर्ज होने के बाद 15-20 दिन तक दूसरा इंतकाल दर्ज नहीं हो सकता, जिसके चलते जहां आम आदमी को परेशानी हो रही है वहीं तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिल रहा है। डॉ. केवी सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के चलते आम लोगों के इंतकाल 2 से 3 साल तक उक्त खेवट में लंबित पड़े रहते हैं जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, इसलिए सरकार को पोर्टल में सुधार करके तत्काल इंतकाल दर्ज करने का प्रावधान करना चाहिए।

#### नप कार्यप्रणाली पर सवाल किया खड़ा

डॉ. केवी सिंह ने नगर परिषद की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि गुजरात गैस कंपनी ने डबवाली शहर की सभी गलियों को गड्ढों से युक्त कर दिया है, इसके लिए कंपनी ने नगर परिषद से एनओसी लेकर परिषद को गालियां तोडने की ऐवज में धनराशि भी जमा करवाई थी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गर्ग,विनोद बंसल,इंद्र जैन, जगसीर मिठडी, निर्मल कंडा,रविंदर बिंद्रु, विजय वर्मा,पार्षद भारतभूषण भारती, पार्षद सुमित अनेजा,राकेश बाल्मीकि, युद्धवीर रंगीला,रमेश मिढ़ा, गुरदीप कामरा, संजीव बेदी, शम्मी कपूर, पवन गार्गी, सुखमंदर प्रधान, जगदीप सूर्य आदि मौजूद थे।

---

*गांव कागदाना में खंड स्तरीय योग का प्रतियोगिता आयोजित*

# प्रतियोगिता में सुलोचना प्रथम, संतोष द्वितीय और नीलम ने तीसरा स्थान किया प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा योगासन स्पोट्र्स एसोसिएशन के तत्वावधान में खंड नाथूसरी चोपटा के गांव कागदाना में खंड स्तरीय योग का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्कार योग केंद्र द्वारा संस्कार प्ले स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में 10 वर्ष से 55 वर्ष तक योग प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला अध्यक्ष नंदलाल, उपाध्यक्ष वीरेंद्र नागपाल, विनोद आर्य, सचिव भगवान राम, कोषाध्यक्ष श्रीमती किरण भल्ला की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि धर्मपाल गढ़वाल ने योग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। यह जानकारी देते हुए वीरेंद्र नागपाल ने बताया कि 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग लड़कियों में आईना प्रथम, भूमिका द्वितीय, अक्षरा तीसरे स्थान पर रही। च्यवन जाखड़ प्रथम, रोहित द्वितीय और अमन तीसरे स्थान पर रहा। 14 से 18 आयु वर्ग में लड़कियों में सरीना प्रथम, पूजा द्वितीय, रुखसाना तीसरे स्थान पर रही। लडक़ों में मनीष प्रथम, साहिल द्वितीय, अंकित तीसरे स्थान पर रहा। 18 से 28 आयु वर्ग लड़कियों में मोनिका प्रथम, सुदेश द्वितीय, ममता तीसरे स्थान पर रही, जबकि लड़कों में आशीष प्रथम, नवीन द्वितीय, गोविंद तीसरे स्थान पर रहा। 28 से 35 वर्ष लड़कों में भूरा सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। 35 से 45 वर्ष की महिलाओं में सुलोचना प्रथम, संतोष द्वितीय, नीलम तीसरे स्थान पर रही। 45 से 55 वर्ष महिला में पुष्पा प्रथम, रोशनी द्वितीय, नारायणी तीसरे स्थान पर रही।

---

# भगवान महावीर का संदेश 'जियो और जीने दो' मानवता का मूल मंत्र : साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां



सिरसा। रानियां में प्रवचन करती जैन साध्वियां। *फोटो : हरिभूमि*

साध्वी राधिका महाराज ने सोमवार को एसएस जैन सभा रानियां में अपने प्रवचनों के दौरान श्रद्धालुओं को जीवन के सच्चे मार्ग की ओर प्रेरित किया। प्रवचन के दौरान उन्होंने भगवान महावीर के अमर संदेश जियो और जीने दो को आज के युग में और भी अधिक प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि मानवता के मूल्यों का आधार है, जिस पर चलकर ही समाज में शांति और सह-अस्तित्व संभव है। अपने प्रवचनों में उन्होंने आत्मनिरीक्षण का महत्व बताते हुए कहा, इंसान को सबसे पहले अपने आप को देखना चाहिए, तभी वह सही दिशा में आगे बढ़ सकता है। राधिका महाराज ने 'वॉच' शब्द का एक गूढ़ व्याख्यान प्रस्तुत किया, जो श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन की ओर ले गया। उन्होंने वॉच शब्द के तीन शब्दों पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि वॉच यूअर वर्डस(अपने शब्दों को देखें), वॉच यूयर एक्शन (अपनी क्रियाओं को देखें) व वॉच यूयर थोट (अपने विचारों को देखें)। उन्होंने समझाया कि मनुष्य को अपने शब्द सोच- समझकर बोलने चाहिए, गतिविधियों को सतर्कता से करना चाहिए और विचारों को शुद्ध रखना चाहिए, क्योंकि यही तीन तत्व उसके जीवन की दिशा तय करते हैं। इस अवसर पर प्रधान बहादर जैन, उप प्रधान नरेश जैन एडवोकेट, सचिव सोमप्रकाश, जगरूप लाल जैन, मुकेश जैन आदि मौजूद रहे।

---

## एशियन रोलर स्केटिंग हॉकी चैंपियनशिप में विजेताओं का किया भव्य स्वागत



सिरसा। पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करती प्रिंसिपल डॉ. शीला पूनियां।

**सिरसा।** साउथ कोरिया में आयोजित 20वीं एशियन रोलर स्केटिंग हॉकी चैंपियनशिप में स्वर्ण और सिल्वर पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे सिरसा के शाह सतनाम जी गर्ल्स शिक्षण संस्थान की खिलाड़ियों का सोमवार को संस्थान में भव्य स्वागत किया गया। प्रिंसिपल डा. शीला पूनियां ने कहा कि हरियाणा रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के सहयोग से यह मुकाम हासिल हुआ है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के लिए डेरा में इंटरनेशनल स्तर के खेल मैदान उपलब्ध कराए हैं, जिसकी बदौलत खिलाड़ी यह सफलता प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान की स्पोट्र्स डायरेक्टर रिशू ने बताया कि 20वीं एशियन रोलर स्केटिंग हॉकी चैंपियनशिप में संस्थान की 9 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जूनियर रिंक हॉकी में सिमरजीत, आंचल कंबोज और अमनदीप ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं जूनियर इन लाइन हॉकी में रविंद्र कुमारं, पितांशी, अश्मीत और गजलप्रीत ने इरान, चीन और साउथ कोरिया की टीमों को हराकर सिल्वर पदक जीता।

## मानसिक-सामाजिक विकास में खेलों का अहम योगदानः सतवीर

**सिरसा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कला की छात्राओं ने खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल का महत्व केवल शारीरिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक और सामाजिक विकास के लिए भी अनिवार्य है। नियमित खेल गतिविधियों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य में भी सकारात्मक योगदान देता है। खेल के माध्यम से व्यक्ति अपनी सहनशक्ति, एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि कर सकता है। विद्यालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने कहा कि खेल अध्ययन के साथ-साथ जीवन के कई महत्वपूर्ण कौशल प्रदान करता है। टीम के खेल में भाग लेना, सहयोग, नेतृत्व और प्रतिस्पर्धा का अनुभव करना उन्हें सामाजिक कौशल विकसित करने में सहायता करता है। यह उन्हें भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सहायता करता है। खंड स्तर पर 1500 मीटर रेस में रितु प्रथम, 400 मीटर रीले रेस रितु लक्षिता शिला, भवानी प्रथम, 200 मीटर अंडर 17 में शिला ने खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वॉलीबॉल में इंदू और मीनाक्षी का जिला स्तर पर चयन हुआ तथा विद्यालय की चार छात्राओं का खो-खो में जिला स्तर पर चयन हुआ। निर्मला, कल्पना, विजयलक्ष्मी, निशा ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



**ओढां।** नेशनल हाईवे नंबर 9 पर स्थित श्री अखंड ज्योति हनुमान मंदिर में सावन माह के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी महेद्र शर्मा ने बताया कि आज सावन के महीने का चौथा सोमवार भगवान शिव की पूजा के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। शिव पुराण के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस दिन भक्त व्रत रखते हैं, शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा आदि चढ़ाते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों पर उनकी विशेष कृपा होती है। जिन कन्याओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति की कामना होती है, वे इस दिन माता पार्वती की पूजा करके 16 श्रृंगार का सामान चढ़ाती हैं।

उन्होंने बताया कि इस दिन गरीबों को दूध, दही, चावल, चीनी और दक्षिणा दान करें। ब्राह्मणों और गरीबों को भोजन कराना भी शुभ माना जाता है और शिव-पार्वती की पूजा करना विशेष फलदायी होता है। इसी प्रकार आज सावन के चौथे सोमवार को रामनगर में स्थित शिव मंदिर, शनिदेव मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर, माता शीतला मंदिर व दुर्गा मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर जल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## मां की गोद वेलफेयर ट्रस्ट टीम सम्मानित

**सिरसा।** क्षेत्र में मां की गोद वेलफेयर ट्रस्ट की टीम हरियाणा और पंजाब में कल्याणकारी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, जो वास्तव में प्रेरणादायक है। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट संचालक स्वराज सिंह झोरड़ रोही, मनजीत सिंह दंढीवाल मलड़ी ने बताया कि इसी नेक कार्य को देखते हुए, पंजाब के गांव तलवंडी अकलिया की प्रकृति प्रेमी टीम खुश इंदर सिंह चमकौर साहिब मोर्चा की टीम, हमीर सिंह पत्रकार, राजिंदर धनौला सामाजिक कार्यकर्ता संघर्ष समिति तलवंडी अकलिया, समिति अध्यक्ष सुखदीप सिंह, गुरमेल सिंह सचिव, मनप्रीत सिंह मीडिया, खुशवीर सिंह और एडवोकेट जसविंदर सिंह करमगढ़ औतांवाली द्वारा मां की गोद वेलफेयर ट्रस्ट सिरसा हरियाणा को सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान के लिए हम टीम का आभार व्यक्त करते हैं जोकि यह सम्मान हमारे लिए बड़ी प्रेरणा है। हमारी टीम ने अब तक करीब 6500 पौधे लगाए हैं और उनकी देखभाल कर रही है। हमारा उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना है ताकि प्रकृति को बचाया जा सके। हम पिछले काफी समय से पेड़ पौधे लगाने की मुहिम चला रहे हैं और आगे भी जारी रखेंगे। प्रकृति प्रेमी टीम द्वारा सम्मानित किया जाना हमारे लिए बड़ा सम्मान है और हम प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रयास करते रहेंगे।

---

**कार्यक्रम** जिलेभर में मेंटर्स के लिए आयोजित पांच दिवसीय ट्रेनिंग का समापन

# इफैक्टिव क्लासरूम ऑब्जर्वेशन विषय पर दी ट्रेनिंग

- जिलेभर से 72 मेंटर्स ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। डाईट मताना में आयोजित ट्रेनिंग में भाग लेते मेंटर्स। फोटो : हरिभूमि

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) हरियाणा के निर्देशन में जिले के सभी मेंटर्स के लिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इफैक्टिव क्लासरूम ऑब्जर्वेशन विषय पर आयोजित यह ट्रेनिंग डाईट मताना में जिलेभर से 72 मेंटर्स ने भाग लिया। 28 जुलाई से शुरू हुई इस ट्रेनिंग के पहले दो दिवस ऑनलाइन व अंतिम तीन दिवस ऑफलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य स्कूलों की कक्षाओं में होने वाली मेंटरिंग को सुदृढ़ बनाना है। इस ट्रेनिंग की शुरुआत में डाइट प्राचार्या एवं जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने सभी मेंटर्स को प्रशिक्षण की महत्ता के बारे में बताया और प्रशिक्षण के पश्चात इसे कक्षाओं में लागू करने के लिए कहा। इस ट्रेनिंग के समापन पर डाइट मताना के वरिष्ठ प्रवक्ता शेर सिंह ने प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग की सफलतापूर्ण समापन के लिए सभी मेंटर्स और प्रशिक्षकों को बधाई दी और इसे कक्षाओं में लागू करने के लिए कहा। वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश मखीजा ने इस ट्रेनिंग को मेंटर्स के लिए बेहतर लाभदायक बताते हुए समापन पर सभी मेंटर्स और प्रशिक्षकों को बधाई दी। इस ट्रेनिंग का संचालन विनोद शर्मा द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एससीईआरटी की तरफ से एलएफई टीम के सदस्य चंद्रशेखर ने भाग लिया।

#### ईसीओ टूल के पहलुओं पर की चर्चा

ट्रेनिंग के प्रशिक्षकों में मिनाक्षु, विजय सिंह, रंजन मेहता, सुरेंदर, सविता, लक्ष्मी, बिंदु और ज्योति ने बहुत ही सफलतापूर्वक संचालन किया। इस ट्रेनिंग में ईसीओ टूल के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद दो दिन तक क्लासरूम वीडियो की सहायता से सभी प्रतिभागियों की प्रैक्टिस करवाई गई ताकि स्कूलों में विजिट के दौरान किसी प्रकार की समस्या ना आये। इस ट्रेनिंग को लेकर मेंटर्स में भी काफी उत्साह नजर आया।

---

# विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा




सिरसा। सम्मानित खिलाड़ी स्कूल प्राचार्य के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय उच्च बालिका विद्यालय कागदाना की प्रतिभाशाली छात्राओं ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय कै रावाली में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफाई किया है। छात्राओं ने योगा, शतरंज, कबड्डी और खो-खो जैसे विविध खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। योगा 14 वर्ग में आयना ने प्रथम, रिया ने तृतीय और अक्षरा ने पंचम स्थान प्राप्त किया। 11 अंडर वर्ग में वसुधा ने प्रथम, दिवांका ने तृतीय तथा कंचन ने पंचम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। शतरंज में वसुधा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दोहरी सफलता दर्ज की। कबड्डी अंडर वर्ग में 14 टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि खो-खो में टीम ने खंड स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य ओमप्रकाश ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मोडियाखेड़ा की प्राचार्य सुमन देवी ने खो-खो बालिका टीम को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट कर छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### गोसेवा कर अपना जन्मदिन मनाया

**रतिया।** भारत विकास परिषद् शाखा रतिया की महिला विंग की वरिष्ठ सदस्य कांता बंसल धर्मपत्नी प्रेम बंसल ने अपना जन्मदिन समाजसेवा को समर्पित करते हुए बड़े ही पुण्य कार्य के रूप में मनाया। उन्होंने केशव गौशाला, लाली रोड रतिया में गौ माता को सवा मणि दलिया एवं हरा चारा खिलाकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर भाविप के संरक्षक डॉ. नरेश गोयल, अध्यक्ष राजकुमार सिंगला, वित्त सचिव सौरव गोयल, गतिविधि संयोजक सेवा जनक राज गोयल, संपर्क प्रमुख प्रवीण तनेजा, संस्कार प्रमुख प्रेमचंद बंसल, वरिष्ठ सदस्य डॉ. चरणजीत मलिक, विनोद जैन, अवतार ढींगरा, विपिन खुराना, विपिन बंसल पिंटू, पूर्व वित्त सचिव लक्ष्मण जिंदल, साक्षी बंसल, निमिष बंसल, नन्ही बालिका सानवी बंसल एवं बेटियां झील खुराना विशेष रूप से शामिल रही।

### धार्मिक महोत्सव 6 से तैयारियां जोरों पर

**रतिया।** गांव पालसर में स्थित बाबा चांदीराम धाम के 18 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में धार्मिक महोत्सव 6 व 7 अगस्त को धाम के प्रांगण में धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसमें हरियाणा पंजाब के कई कलाकार पहुंचकर धार्मिक भजनों से बाबा का गुणगान करेंगे, उनके श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। इस धार्मिक महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए धाम के मुख्य सेवादार अजीत सिंह ने बताया कि दो दिवसीय आयोजित होने वाले इस महोत्सव के तहत 6 अगस्त को सुबह 10 बजे कलश पूजन, कलश स्थापना, लंगर का कार्यक्रम होगा। इसी दिन दोपहर 3 बजे धाम के प्रांगण से कलश यात्रा प्रारंभ होने के पश्चात शाम 6 बजे तक नगर कीर्तन चलेगा। अगले दिन 7 अगस्त को सुबह 6:30 बजे धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे, जिसके तहत मजार पूजन, चद्दर चढ़ाई, भोग, लंगर का कार्यक्रम शाम 5 बजे तक जारी रहेगा।

### नवोदय में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में कक्षा 9वीं व 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश हेतु होने वाली प्रवेश परीक्षा-2026 के लिए निशुल्क ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। अभ्यर्थी अपने आवेदन 23 सितंबर 2025 तक ऑनलाइन जमा करवाएं। प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि पीएम श्री स्कूल जेएनवी खारा खेड़ी जिला में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान कक्षा 9वीं व कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा-2026 आगामी 7 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है। ऑनलाइन आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर दिए लिंक पर जाकर कर सकते हैं।

### डिपो पर एक लीटर तेल 30 रुपये में मिलेगा

**फतेहाबाद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राज्य में डिपो धारकों द्वारा वितरित किए जाने वाले सरसों तेल के सबंध में निर्देश दिए है। डीएफएससी विनीत जैन ने बताया कि लाभार्थी अब एक बार में एक और दो लीटर सरसों तेल ले सकते है। यदि कोई लाभार्थी प्रारंभ में एक लीटर सरसों का तेल लेता है तो उन्हें 30 रुपये प्रति लीटर की दर से शुल्क लिया जाएगा। बाद में अतिरिक्त मांग स्वीकार नहीं होगी।

### कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# जियोफेंसिंग हाजिरी के विरोध में स्वास्थ्य कर्मियों ने की सांकेतिक पेन डाउन हड़ताल

- हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन, डेंटल एसोसिएशन, फार्मेसी अधिकारी संघ सहित अन्य कर्मचारी संघ जुटे

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

जियोफेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रणाली के खिलाफ सिरसा जिला के सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सोमवार को एक घंटे की सांकेतिक पेन डाउन हड़ताल रखी।

इस दौरान जिला नागरिक अस्पताल में कर्मचारियों ने एकत्रित होकर इसका विरोध किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन, डेंटल एसोसिएशन, फार्मेसी अधिकारी संघ, नर्सिंग अधिकारी संघ, एनएचएम कर्मचारी, एचकेआरएन कर्मचारी तथा अन्य स्वास्थ्य संगठनों के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



**सिरसा।** जिला नागरिक अस्पताल में जियोफेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रणाली का विरोध करते कर्मचारी।

सभी कर्मचारी ड्यूटी स्थान पर उपस्थित रहे लेकिन एक घंटे तक कार्य स्थगित रखकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर संगठन के जिला समन्वयक डॉ. विपुल गुप्ता ने कहा कि हम बार-बार यह स्पष्ट कर चुके हैं कि फील्ड आधारित स्वास्थ्य सेवाओं में जियोफेंसिंग जैसी तकनीकी बाधाएं न सिर्फ व्यावहारिक रूप से असफल हैं, बल्कि यह कर्मचारियों की निजता और गरिमा का भी हनन है। सरकार को संवाद और भागीदारी के आधार पर ही किसी नीति को लागू करना चाहिए, न की थोपना चाहिए। गोपनीयता के मुद्दे पर भी आज विरोध दर्ज कराया गया, जिसमें कर्मचारियों ने आपत्ति जताई कि सरकारी ऐप को व्यक्तिगत मोबाइल फोन में इंस्टॉल करने की अनिवार्यता निजता के अधिकार के विरुद्ध है। सभी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार द्वारा जियोफेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रणाली को तुरंत प्रभाव से वापस नहीं लिया गया तो 10 अगस्त को राज्य समन्वय समिति की बैठक में आगे की आंदोलनात्मक रणनीति तय की जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. पवन, डॉ. आरके दहिया , डॉ. सूरजभान कंबोज, डॉ. प्रतीक गोयल, डॉ. कमल विश्नोई, डॉ. राहुल गर्ग, राजकुमार भारद्वाज, अमित कुमार सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोन वसूलने के बावजूद बैंक किसान को जारी नहीं रहा क्लीयर लेटर


**फतेहाबाद।** बैंक के बाहर विरोध जताते किसान यूनियन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

बैंकों की मनमानी के कारण भोले-भाले किसानों को बेवजह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला फतेहाबाद में सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां का आरोप है कि फतेहाबाद के एचडीबी बैंक एक किसान को नो ड्यूज सर्टिफिकेट देने के नाम पर परेशान कर रहा है। किसान द्वारा लोन की पूरी राशि भरी जा चुकी है, इसके बावजूद उसे क्लीयर लेटर नहीं दिया जा रहा। इस मामले में किसान यूनियन के आह्वान पर अनेक किसानों ने आज बैंक के बाहर विरोध दर्ज करवाया और बैंक अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगर 12 अगस्त तक किसान की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह बैंक के गेट पर ताला जड़ देंगे। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के जिला प्रधान निर्भय रतिया ने कहा कि एचडीबी बैंक, फतेहाबाद से एक किसान ने 9 लाख रुपये का ट्रक लोन लिया था। किसान द्वारा बैंक को लोन की पूरी राशि भर दी गई है। सारे पैसे वसूलने के बावजूद बैंक अब किसान को नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं दिया जा रहा है। किसान पिछले कई दिनों से बैंक के चक्कर काटने को मजबूर है। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहाँ ने बैंक मैनेजर से इस सबंध में मुलाकात की।

### दिनदहाड़े मोबाइल शॉप में चोरी, गोशाला का दानपात्र उठा ले गए चोर, केस

**भूना।** शहर के पुराना बाजार स्थित मोबाइल शॉप में सोमवार को दिनदहाड़े चोरी हो गई। सुबह दो नाबालिग लडक़े बड़ी चालाकी से दुकान में घुसे और गोशाला का दानपात्र चोरी कर ले गए। दोनों युवक संकरी गली से होते हुए फरार हो गए। दोनों आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार से जानकारी ली। सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। मोबाइल शॉप संचालक मुकेश गिरधर ने बताया कि सोमवार की सुबह वह अपनी दुकान में मौजूद थे। करीब पौने 11 बजे के आसपास दो नाबालिग लडक़े दुकान में घुसे। इनमें से एक ने गोशाला का दानपात्र उठाया और फरार हो गए। मुकेश गिरधर ने बताया कि वह और दुकान में आने वाले लोग नियमित रूप से दानपात्र में गोसेवा के लिए रुपए डालते हैं। उन्होंने इस मामले की सूचना पुलिस को दे दी है।

# रेलवे स्टेशन में चलाया पौधारोपण अभियान

- भट्टू पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भट्टूकलां

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और माइ भारत द्वारा चलाए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के तहत भट्टू मंडी के पुलिस स्टेशन में श्रुति मोंगा द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी राधेश्याम ने मुख्य रूप से भाग लिया। उन्होंने अपने स्टाफ सहित पौधारोपण अभियान में भाग लिया। इस कार्यक्रम में एमएचसी इंदरपाल, एएसआई निहाल सिंह, पीएसआई जगतपाल, एचजीएच अशोक, एसपीओ मुकेश, एचजीएच अजीत सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकीय विद्यालय भट्टू मंडी की छात्रा चांदनी एवं रेनू ने अपना सहयोग दिया। पुलिस स्टेशन में 50 से अधिक पौधे लगाए गए। थाना प्रभारी राधेश्याम ने सब को पौधारोपण हेतु प्रोत्साहित किया और कहा कि ये पौधे बारिश के मौसम में लगाने का बहुत महत्व है, इस मौसम में मिट्टी में नमी बनी रहती है, जिससे पौधों की जड़ें आसानी से जम जाती हैं और विकास तेजी से होता है।



भट्टूकलां। पुलिस स्टेशन में पौधारोपण करते थाना प्रभारी।

## नवनियुक्त एएसपी दिवांशी सिगला ने संभाला कार्यभार



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिले में नवनियुक्त सहायक पुलिस अधीक्षक दिवाशीं सिगला ने आज विधिवत रूप से एएसपी के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने उन्हें पदभार ग्रहण करने पर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। दिवांशी सिगला, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की 2022 बैच की अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, तथा साइबर अपराध और नशा तस्करी जैसे गंभीर अपराधों पर कठोर कार्रवाई करना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, पुलिस के प्रति जनविश्वास में वृद्धि, तथा संवेदनशील, उत्तरदायी और पारदर्शी पुलिसिंग की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा।

## भटके मूकबधिर युवक को फतेहाबाद पुलिस ने सकुशल घर पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस न केवल अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है, बल्कि सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों को भी बखूबी निभा रही है। इसी कड़ी में बड़ोपल चौकी पुलिस ने एक मूकबधिर युवक को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाकर मानवता की मिसाल पेश की है। मिली जानकारी के अनुसार, विक्रम पुत्र बलवान सिंह निवासी कैमरी रोड, हिसार, किसी कारणवश भोडा होशनाक क्षेत्र में भटक गया था। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक रमेश कुमार के नेतृत्व में बड़ोपल पुलिस टीम तत्काल हरकत में आई। टीम ने सूझबूझ और संवेदनशीलता से कार्य करते हुए विक्रम की पहचान सुनिश्चित की और उसके माता-पिता से संपर्क साधा। कुछ ही समय बाद युवक को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।


**फतेहाबाद।** मूकबाधिर युवक को उसके परिजनों को सौंपते पुलिस कर्मचारी।

# 14 को मनाया जाएगा विभाजन विभिषिका दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

भाजपा नेता भारत भूषण मिढ़ा ने बताया कि 14 अगस्त को फरीदाबाद के दशहरा ग्राऊंड में राज्य स्तरीय विभिषिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं जिलास्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित कर विभाजन के साक्षी महानुभावों को सम्मानित किया जाएगा। भाजपा नेता एवं विभिषिका कार्यक्रम के जिला संयोजक भारत भूषण मिढ़ा सोमवार को सिरसा के भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त 1947 की तारीख भारत भला कैसे भूल सकता है, एक तरफ 200 वर्षों की गुलामी के बाद आजादी मिलने वाली थी तो वहीं दूसरी ओर देश के दो टुकड़े हो रहे थे। लाखों लोग इधर से उधर हो गए। घर-बार छूटा, परिवार छूटा, लाखों की जानें गई, यह दर्द था विभाजन का। भारत के लिए यह विभीषिका से कम नहीं थी, इसी दर्द को याद करते हुए पिछले साल आजादी की सालगिरह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा ऐलान किया था कि हर साल 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला संयोजक ने बताया कि भारत का विभाजन देश के लिए किसी विभीषिका से कम नहीं था, इसका दर्द आज भी देश को झेलना पड़ रहा है। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन ने पाकिस्तान को 1947 में भारत के विभाजन के बाद एक मुस्लिम देश के रूप में मान्यता दी थी। लाखों लोग विस्थापित हुए थे और बड़े पैमाने पर दंगे भडक़ने के चलते कई लाख लोगों की जान चली गई थी। 14 अगस्त 1947 की आधी रात भारत की आजादी के साथ देश का भी विभाजन हुआ और पाकिस्तान अस्तित्व में आया।


**सिरसा।** पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा नेता भारत भूषण मिढा।

# जलभराव से किसानों को नुकसान कर गिरदावरी करवाएं

## अनेक गांवों के किसानों के साथ एडीसी से मिली इनेलो नेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जिले के अनेक गांवों में बरसात के बाद जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। इन गांवों में खेतों में कई-कई फुट पानी भरने से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। इस समस्या को लेकर अनेक गांवों के किसान आज इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला के नेतृत्व में डीसी से मिलने पहुंचे। इसी दौरान किसानों की मौजूदगी में सुनैना चौटाला ने एडीसी अनुराग ढालिया को किसानों की समस्याओं बारे विस्तार से बताया और इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग की। इस दौरान उन्होंने फसल खराब होने पर किसानों को बीमा कम्पनियां द्वारा मुआवजा न दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। एडीसी ने आश्वासन दिया कि वह मौके का निरीक्षण कर इस समस्या का समाधान करवाएंगे। सु नै ना चौटाला ने कहा कि फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव बनगांव, चिंदड़, खाराखेड़ी, बड़ोपल, सरवरपुर, ठुइयां में सबसे अधिक बुरा हाल है। रामसरा, जांडवाला व गदली में जो घग्घर ड्रेन गुजरती है, उसमें ज्यादा पानी भरने से व ज्यादा समय से ड्रेन में पानी का रिसाव रहने के कारण खेतों में जलभराव हो गया है और आसपास की सभी फसलें नष्ट हो रही है। यहां के किसान पिछले 4-5 सालों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा गांव खाबड़ा कलां, चिंदड़, भोडा होशनाक, बनगांव, ढाबी खुर्द, ढाबी कलां, ठुईयां आदि गांवों में अत्याधिक बरसात के कारण फसलें डूबकर नष्ट हो गई हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इन गांवों में फसलों की स्पैशल गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा पिछले साल फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा व बीमा क्लेम का भुगतान भी ड्रेन के आसपास रहने वाले सभी किसानों को दिया जाए।


**फतेहाबाद।** एडीसी को ज्ञापन सौंपते इनेलो नेता सुनैना चौटाला व प्रभावित गांवों के किसान।

#### औसत पैदावार के आधार पर बीमा क्लेम दिलवाने की मांग

सुनैना चौटाला ने एडीसी से बातचीत में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कम्पनी की मनमानी और क्लेम का भुगतान न करने का भी मामला उठाया। उन्होंने कहा कि गांव सरवरपुर, बोढीवाली के किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करवाया था। किसानों की खरीफ 2024 की फसल खराब हो गई थी लेकिन इस योजना के तहत अनेक किसानों को औसत पैदावार के आधार पर क्लेम राशि नहीं मिली है जबकि अन्य गांवों में किसानों को इसका भुगतान किया जा चुका है।

### पाव एंड प्रिंट रेस्क्यू सिक्योरिटी ट्रस्ट की फ्री एंबुलेंस का विधिवत हुआ लोकार्पण

**फतेहाबाद।** बेसहारा, बीमार व जख्मी गौवंशों व अन्य जीवों की सुरक्षा के लिए सालों से निःस्वार्थ भाव से काम कर रही फतेहाबाद की पाव एण्ड प्रिंट रेस्क्यू सिक्योरिटी ट्रस्ट द्वारा निशुल्क एनिमल रेस्क्यू एम्बलेंस सर्विस का विधिवत रूप से लोकार्पण किया गया। सिरसा रोड पर श्री हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में एम्बुलेंस का विधिवत पूजन का शुभारंभ किया गया तथा एम्बुलेंस की सेवा शुरू करवाने में योगदान देने वाले सभी लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के डायरेक्टर डॉ. प्रवीण सोनी ने की। इस अवसर पर मंदिर में भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ। डॉ. प्रवीण सोनी ने बताया कि यह एनीमल रेस्क्यू एम्बुलेंस पूरे जिले के लिए निःशुल्क उपलब्ध है। कहीं भी कोई भी बेसहारा जीव बीमार या जख्मी हालत में पाया जाता है, जिसे एम्बुलेंस की आवश्यकता महसूस होती है, तो वह ट्रस्ट से सम्पर्क कर सकता है। डा. प्रवीण सोनी ने जीव सेवा के लिए इस एम्बुलेंस को खरीदने में आर्थिक व सामाजिक योगदान देने वाले सभी गणमान्य लोगों का आभार प्रकट किया। अतिथि के रूप में समाजसेवी हरदीप सिंह, संगीता प्रणामी, सियाज पूनियां, प्रदीप दौलतपुरिया, पूर्ण सोसायटी फतेहाबाद युनिट की प्रेजिडेंट पायल चक्रवर्ती, राजकमल, हर्ष नागपाल, संयम कुमार, सुदर्शन नरुला, प्रवीण रानी, ललित चक्रवर्ती, भूमिका सोनी, दिव्या ग्रोवर, आरसी मुखिया व अन्य मौजूद रहे।

### सीडीएलयू एनईपी 2020 के पाठ्यक्रम लागू करने के लिए वचनबद्धः प्रो. राममेहर

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा से संबंधित महाविद्यालयों मे एनईपी 2020 को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर डीन ऑफ कॉलेजिज कार्यालय द्वारा सोमवार को डिग्री कॉलेजिज के प्रिंसिपल तथा एनईपी के नोडल अधिकारियों की कार्यशाला विश्वविद्यालय के टैगोर भवन में हुई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि सीडीएलयू सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सीडीएलयू गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ विद्यार्थियों को प्रत्येक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न पहल कदमियो के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत करवाया। डीन ऑफ कालेजिज प्रोफेसर राम मेहर दीक्षित ने कहा कि राज्य तथा केंद्र सरकार की हिदायतों के अनुरूप शैक्षणिक सत्र 2025-26 से विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयो में एनईपी 2020 के पाठ्यक्रम लागू करने के लिए वचनबद्ध है। इस संबंध मे डीन ऑफ कॉलेजिज कार्यालय द्वारा डायरेक्टर जनरल ऑफ हायर ऐजुकेशन तथा एनईपी से संबंधित नवीनतम गाइडलाइनस समय-समय पर संबंधित महाविद्यालयों मे समप्रेषित किए गए है। एनईपी कोडिनेटर प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने यूजी लेवल पर सींगल मेजर, तथा मल्टीडिसीप्लीनरी कोर्सिज के बारे मे विस्तापूर्वक बताया और प्रेजेनटेशन के माध्यम से डीजीएचई के पोर्टल संचालन के साथ-साथ विभिन्न विषयों के कंबीनेशन के बारे में जानकारी दी।

### समाधान शिविर में रखी शिकायत, कार्रवाई की मांग

# रजाबाद में शराब और मीट की दुकान बंद करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

सीटीएम गौरव गुप्ता ने सोमवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। समाधान शिविर में गांव रजाबाद निवासी सुखदेव सिंह ने शराब व मीट की दुकान बंद करवाने, गांव खारा खेड़ी निवासी श्याम लाल ने पत्नी की लापता होने की रिपोर्ट बारे, सुरेंद्र कुमार ने प्राइमरी स्कूल में पानी की निकासी न होने बारे, गांव माजरा निवासी सुरेश कुमार ने ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने बारे, गांव हिजरावां कलां निवासी राम सिंह ने कानूनी कार्यवाही, गांव भोडिया खेड़ा निवासी सतपाल सिंह ने इंतकाल दर्ज करवाने, फतेहाबाद निवासी प्रविन्दु सिंह ने मुआवजा लेने बारे, गांव पीली मंदोरी निवासी जाना ने राशन कार्ड बंद कराने बारे, गांव खैराती खेड़ा निवासी प्रताप सिंह ने नाजायज पानी का नाला बनवाने की शिकायत करने बारे, गांव बरसीन निवासी शंकुलता ने जाति प्रमाण पत्र जारी न होने बारे, भूना निवासी पूर्ण चंद्र गुरू दशक प्रजापति जयंती समारोह में लापरवाही करने बारे, गांव हिजरांवा खुर्द निवासी सोनू कुमार ने पीपीपी में इनकम सही करवाने बारे, गांव धारनियां निवासी दलीप सिंह ने ढाणी का रास्ता निकलवाने बारे, गांव नंगल निवासी बलजीत कौर ने सौलर वाटर सिस्टम लगवाने हेतू भरी गई राशि वापिस दिलवाने बारे, फतेहाबाद निवासी औमप्रकाश ने राशन कार्ड बनवाने बारे, गांव खारा खेड़ी प्रार्थीगण ने रास्ते की मुरम्मत करवाने बारे, गांव किरढ़ान निवासी अनूप सिंह ने पंप चालू करवाने बारे शिकायत रखी।


**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते अधिकारी।